# खुद के हक के लिए धरने पर, लेकिन शासन का हक मार रही तहसीलदार की गाड़ियां

## कलेक्टोरेट में बिना टैक्सी परमिट वाले वाहनों का धरना

**शाजापुर, 7 अगस्त. तहसीलदार और कार्यपालिक अलग-अलग होने से जिले के तहसीलदार इन दिनों हड़ताल पर हैं. खुद के हक के लिए तो तहसीलदारों ने हड़ताल शुरू कर दी है, लेकिन शासन का हक खुद वे तहसीलदार मार रहे हैं, जो अपने हक के लिए हड़ताल कर रहे हैं. कलेक्टोरेट कार्यालय में जिन तहसीलदार और कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों ने जो गाड़ियां जमा की हैं, उनमें से केवल दो गाड़ी ही टैक्सी परमिट हैं. बाकी बिना टैक्सी परमिट के शासन को हर महीने राजस्व हानि पहुंचा रहे हैं.**

गौरतलब है कि इन दिनों तहसीलदार अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे हैं, लेकिन जिस गाड़ी में बैठकर वे सक्षम अधिकारी बनकर रौब से घूमते थे, उनमें से अधिकांश गाड़ियां बिना टैक्सी परमिट के ही अटैच की गई हैं. जबकि नियमानुसार अटैच करने से पहले गाड़ियों का टैक्सी परमिट अनिवार्य है, लेकिन जिले के लगभग सभी तहसीलदारों की गाड़ियां इन दिनों कलेक्ट्रेट परिसर में खड़ी हैं, जिनमें से महज दो गाड़ियां ही टैक्सी परमिट के तहत अटैच की गई हैं. बाकी गाड़ियां बिना टैक्सी परमिट के ही दौड़ रही हैं.



### केवल एक गाड़ी पर पीली नंबर प्लेट, बाकी अटैच गाडियों पर सफे नंबर प्लेट

कलेक्ट्रेट कार्यालय में खड़ी तहसीलदारों की गाड़ी में केवल एक गाड़ी पीली नंबर प्लेट याने टैक्सी परमिट नजर आती है और एक गाड़ी शासन द्वारा दी गई है . बाकी सभी गाड़ियां अमूमन सफेद प्लेट के साथ बिना टैक्सी परमिट के संचालित हो रही हैं . ये वो गाड़ियां हैं, जिन पर सफेद पट्टियां लगी हैं . एमपी 42 झेडए 5969, एमपी 13 झेडएल 7656, एमपी 42 झेडबी 3931, एमपी 42 झेडए 4567, एमपी 14 सीसी 8335, एमपी 42 झेडए 2936, एमपी 42 झेडबी 4617 . इनके अलावा केवल एमपी 13 झेडएल 8930 और एमपी 02 आरडी 4214 ही टैक्सी परमिट है .

### पीली पट्टी लगाने से कम होता है रसूख

यदि कोई वाहन सरकारी विभाग में अटैच है, तो उसकी नंबर प्लेट पीले रंग की होती है . लेकिन अपना रसूख दिखाने के लिए बिना टैक्सी परमिट की गाड़ियां अटैच की जाती हैं, ताकि पीली पट्टी न लगाना पड़े . यही कारण है कि हर महीने सरकार से अटैच टैक्सी का भुगतान तो किया जाता है, लेकिन बिना परमिट के सरकार को राजस्व का चूना लगाया जा रहा है .

### दूसरों को नियम बताने वाले जिम्मेदार खुद कर रहे नियमों का उल्लंघन...

लोगों को नामांतरण, बंटवारा, फोती नामांतरण, बटांकन में बड़े-बड़े नियम बताने वाले तहसीलदार खुद शासन के नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं . जनता के सामने खुद को पाक साफ बताकर नियम से काम करने की दुहाई देते हैं, लेकिन वे खुद रोज नियम तोड़ रहे हैं . सरकार ने जो गाड़ी उन्हें जनता के काम के लिए दी है, उस गाड़ी को बिना टैक्सी परमिट कराए अटैच कर रखा है, जिससे सरकार को लाखों रुपए की राजस्व हानि होती है . जबकि नियमानुसार बिना टैक्सी परमिट कोई भी गाड़ी का भुगतान आर्थिक अनियमितता की श्रेणी में आता है, लेकिन उसके बाद भी हर महीने अटैच गाड़ियों का भुगतान धड़ल्ले से किया जा रहा है .

## एक नजर में

### नेत्र शिविर में 145 मरीजों की जांच हुई



**शुजालपुर, 7 अगस्त .** सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र शुजालपुर मंडी पर केंद्र प्रभारी खुशीराम आचार्य के माता-पिता समाजसेवी स्वर्गीय गोविंद राम खत्री, स्वर्गीय नारायणी देवी खत्री की स्मृति में निशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया. जिसमें 145 मरीजों की आंखों की जांच डॉक्टर जसवंत यादव, नेहा सोनी, रोहिणी यादव ने कर 38 मरीजों का चयन मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए किया . जिनको बस द्वारा संत हिरदाराम नगर भेजा गया, जहां उनके भोजन, आवास, दवाई, चश्मा आदि की व्यवस्था निशुल्क की जाएगी . हरिनारायण परमार, गंगाधर शर्मा, मनराज परमार, देवेंद्र, शशांक, जयंत, योगेंद्र, कृष्णा आदि का सहयोग रहा .

### स्थाई वारंटी को पकड़ा



**शुजालपुर, 7 अगस्त .** जिले में चलाए जा रहे स्थायी वारंटियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान तहत अवंतिपुर बडोदिया में एक स्थाई वारंटी को पकड़ा . थाना प्रभारी घनश्याम बैरागी के नेतृत्व में गठित टीम को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि स्थायी वारंटी दिनेश पिता अमरसिंह निवासी बेगमखेड़ी हाल मुकाम रंथभंवर, वर्तमान में अपने ससुराल ग्राम रंथभंवर में रह रहा है . सूचना के बाद टीम ने रंथभंवर में दबिश दी तो आरोपी दिनेश पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी कर मौके पर ही पकड़ा गया . इस कार्यवाही में थाना प्रभारी अवंतिपुर बडोदिया उपनिरीक्षक घनश्याम बैरागी, सहायक उपनिरीक्षक जगदीश प्रसाद, प्रधान आरक्षक राजेश जाट, आरक्षक कमलेश की महत्वपूर्ण भूमिका रही .

### 15 अगस्त को घर-घर तिरंगा अभियान



**मक्सी, 7 अगस्त .** भारतीय जनता पार्टी मक्सी मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को संपन्न हुई . बैठक में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शाजापुर प्रदीप चंद्रवंशी उपस्थित रहे . जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला मीडिया प्रभारी सोनू सोलंकी शामिल हुए . बैठक का शुभारंभ डॉ . श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रो पर माल्यार्पण कर किया गया . कार्यक्रम में मंचासीन सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छों से स्वागत किया गया . बैठक की अध्यक्षता भाजपा मक्सी मंडल अध्यक्ष गोविन्द गोलू पटेल ने की एवं संचालन महामंत्री मोडसिंह लोधी ने किया . इस अवसर पर मीडिया प्रभारी सोनू सोलंकी ने आगामी 15 अगस्त को हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया . उन्होंने कहा कि हर नागरिक को अपने घर पर तिरंगा लगाना चाहिए और उसकी फोटो सोशल मीडिया व संगठन ऐप पर साझा करनी चाहिए . मुख्य अतिथि प्रदीप चंद्रवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि 16 अगस्त को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पूरे जोश और श्रद्धा से मनाई जाएगी . उन्होंने कहा अटल जी मानते थे कि जनप्रतिनिधि को जनता के बीच रहकर उनकी सेवा करनी चाहिए . साथ ही उन्होंने 15 अगस्त को भारत के विभाजन का दिन भी बताया . जब देश दो भागों में बंटकर पाकिस्तान अस्तित्व में आया . अंत में आभार उपाध्यक्ष राकेश चौधरी ने माना .

**बैठक मे ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर भाजपा महामंत्री सुनील नानू पंड्या, रामेश्वर मंडलोई, उपसरपंच राजेन्द्र देवड़ा, कृष्णा भावसार, पार्षद दिलीप लोधी, पार्षद अशोक लोधी कारपेंटर, पार्षद ओम चौधरी, हर्ष पटेल, गोपाल पटेल, मनोज पटेल, मीडिया प्रभारी राजेश गुप्ता, अमित सोनी, हर्षित भट्ट, पवन परिहार, अर्पित भावसार, मनीष वर्मा, अर्जुन मंडलोई, महेश लोधी, श्रीमति प्रेमलता पांडेय, राधेश्याम परमार, मुकेश पटेल, संजय नागर, प्रमोद मेहता, ओम इंद्रियां, विष्णु पटेल, संतोष पटेल, सुनील जाट, अशोक जाट, सोनू जाट, सुनील गोठी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे .

# ई-ऑफिस प्रणाली : न फाइल पेंडिंग होगी, न होगी गुम, होगा त्वरित निराकरण

## 1700 फाइलें कलेक्टर को अभी पेपरलेस भेजी गईं, कुछ समय बाद पूरे जिले में शत-प्रतिशत होगा काम

**शाजापुर, 7 अगस्त. कम से कम कागज का उपयोग हो. साथ ही प्रशासनिक आदेश में पारदर्शिता रहे. नोटशीट के न गुम होने का डर, न नोटशीट में कांट-छांट का भय. शाजापुर जिले में लगभग हर विभाग में ई-ऑफिस का नवाचार शुरू हुआ है. अभी तक 1700 फाइलें कलेक्टोरेट को ई-ऑफिस के तहत विभिन्न विभागों द्वारा भेजी गई हैं. आने वाले समय में शाजापुर जिला पेपरलेस प्रशासन के तौर पर तैयार हो जाएगा.**

गौरतलब है कि प्रशासनिक कामकाजों में कागज की खपत को रोकने के लिए शासन ने ई-ऑफिस प्रणाली शुरू की है, जिसमें मध्यप्रदेश के 55 जिलों में आधा दर्जन जिले ही ई-ऑफिस प्रणाली के नजदीक पहुंचे हैं. प्रदेश के इन जिलों में शाजापुर जिला भी है, जहां ई-ऑफिस प्रणाली के तहत शत-प्रतिशत काम शुरू हो गया है. कलेक्टर ऋजु बाफना को विभिन्न विभागों द्वारा 1700 से अधिक फाइलें पेपरलेस ई-ऑफिस के तहत विभिन्न कामकाज के लिए भेजी गई हैं. कागज की खपत कम होने से पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिली है.

### पेंडिंग नहीं रख सकते, न जलने का न गुम होने का डर

कई बार दस्तावेजों में आग लगने से रिकॉर्ड नष्ट हो जाता था . कई बार फाइलें गुम हो जाती थी . अधिकारी अपनी इच्छा के अनुसार फाइलें महीनों तक पेंडिंग रखते थे . अधिकारियों को जो लगता था, वो ही फाइल वो आगे बढ़ाते थे . लेकिन ई ऑफिस प्रणाली के तहत अब न कोई फाइल पेंडिंग होगी . न किसी घटना-दुर्घटना में दस्तावेज नष्ट होंगे और न उनके गुम होने का डर रहेगा . अब पेपरलेस प्रणाली के चलते फाइल सब्मिट होते ही उसका निराकरण हर हाल में संबंधित अधिकारी को समयसीमा में करना ही होगा . क्योंकि वो सर्वर पर नजर आती हैं कि कब भेजी गई और इसका निराकरण क्यों नहीं हुआ . याने कि अब फाइलों का पेंडिंग होना प्रशासनिक मशीनरी में लगभग बंद हो जाएगा .

### पारदर्शिता के साथ त्वरित निराकरण...

ई-ऑफिस याने पेपरलेस प्रणाली से पारदर्शिता की संभावना ज्यादा बढ़ गई है . क्योंकि अभी तक कागजों पर जो आदेश या नोटशीट लिखी जाती थी, उसे सुरक्षित रखने में भी लंबे समय बाद कठिनाई होती थी . नोटशीट या अन्य आदेश में पारदर्शिता का भी अभाव देखने को मिलता था . प्रशासनिक कामकाजों में कई बार नोटशीट और कागजों पर आदेश को अमल कराने के लिए विलंब भी हो जाता था, लेकिन ई-ऑफिस के बाद पारदर्शिता के साथ-साथ संबंधित आदेशों का तुरंत निराकरण भी संभव हो सका है .

**इनका कहना है**

*शाजापुर जिले के लगभग सभी विभागों में ई-ऑफिस याने पेपरलेस प्रणाली लागू हो गई है. जिससे प्रशासनिक कामकाज में पारदर्शिता और त्वरित निराकरण होगा. शाजापुर जिला जल्द ही शत-प्रतिशत पेपरलेस होगा.*

**- ऋजु बाफना, कलेक्टर, शाजापुर**

# धोखाधड़ी की आशंका में रुपए होल्ड कराए

**ऑनलाईन धोखाधड़ी की स्थिति में 1930 पर तत्काल संपर्क करें**

**शुजालपुर, 7 अगस्त. सायबर सेल शाजापुर ने प्राप्त शिकायत में धोखाधड़ी की आशंका पर रुपए होल्ड कराए. शुजालपुर मंडी निवासी चंचल जादौन पिता स्व. सेनपाल सिंह जादौन ने विगत दिनों सायबर हेल्पलाइन 1930 पर ऑनलाइन धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई गई थी. जिसमें यह आरोप लगाया गया था कि देवांशी इंटरप्राइजेस अहमदाबाद गुजरात एवं श्रीजी बायोफ्यूल शुजालपुर के बीच डीजल टैंकर के संदर्भ में बीस लाख दस हजार रुपये की लेनदेन में अनियमितता सामने आई थी, जिससे शिकायतकर्ता को धोखाधड़ी की आशंका हुई.**

सायबर टीम ने तत्परता से मामले की जांच प्रारंभ की गई एवं संबंधित बैंक खातों पर सुरक्षा की दृष्टि से त्वरित रूप से अस्थायी होल्ड लगाया गया. इसके उपरांत देवांशी इंटरप्राइजेज के द्वारा आवेदक से संपर्क कर संतुष्टि पूर्वक समाधान किया गया. अब शिकायतकर्ता चंचल जादौन द्वारा सूचित किया गया है कि लेनदेन का समाधान आपसी सहमति से हो चुका है, एवं उन्हें किसी भी प्रकार की आपत्ति नहीं है. अत: उन्होंने अपनी शिकायत को औपचारिक रूप से वापस ले लिया है तथा संबंधित खातों पर लगे होल्ड को हटाने का अनुरोध किया है. उक्त कार्रवाई में साइबर सेल प्रभारी प्रधान आरक्षक विकास तिवारी, आरक्षक अनिल सक्सेना, घनश्याम राजपूत एवं राजस्थान की विशेष भूमिका रही. जिला पुलिस एवं सायबर सेल ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन धोखाधड़ी की स्थिति में तत्काल 1930 पर संपर्क करें, पुलिस संबंधित शिकायत पर त्वरित कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है.

### जिला बदर आरोपी को पकड़ा, आदेश का कर रहा था उल्लघंन

**शुजालपुर, 7 अगस्त.** पुलिस अकोदिया ने जिला बदर के एक आरोपी को आदेश का उल्लघंन करने पर गिरफ्तार किया. मिली जानकारी अनुसार जिला दण्डाधिकारी शाजापुर ने नरसिंह पिता रामचंदर मालवीय 45 वर्ष निवासी उचोद को जिला बदर किया था. उक्त व्यक्ति को पुलिस ने सूचना पर ग्राम उचोद से पकड़ा. जिसके विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही की. उक्त कार्रवाई में निरीक्षक संजय सिंह राजपूत, प्रधान आरक्षक सुनील मालवीय, सोनू जायसवाल, विपिन तोमर एवं आरक्षक अभिषेक परमार की विशेष भूमिका रही.

### ठाकुरजी का आकर्षक श्रृंगार किया



**शुजालपुर, 7 अगस्त.** पवित्र सावन माह के चलते देवालयों में विभिन्न धार्मिक आयोजन हो रहे है, कृषि उपज मंडी समिति के सामने स्थित श्रीनाथजी की हवेली में भी प्रतिदिन ठाकुर जी का झूला विभिन्न प्रकार की सामग्रियों से सजाया जा रहा है. जिसके चलते ही ठाकुर जी का पन्ना ड्राई फ्रुट सहित फूलों से आकर्षक रूप से सजाया गया, यहां भजन कीर्तन एवं विशेष आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया. इस दिन इस झूले के लाभार्थी मोहन प्रकाश विजय वर्गीय एवं विजेंद्र विजयवर्गीय रहे, मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया तथा भजन कीर्तन का आयोजन भी यहां पर किया गया.

# श्रीराम, श्रीकृष्ण ने भी गुरुओं की शरण में जीवन को सार्थक बनाया

## भारतीय ज्ञान परंपरा अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**सुसनेर, 7 अगस्त. श्री राम और श्री कृष्ण स्वयं भगवान के अवतार होते हुए भी गुरुओं की शरण में जाकर अपनी जीवन यात्रा को सार्थक बनाया. जो युगों से चली आ रही भारतीय गुरु शिष्य परंपरा के प्रतीक है.**




उक्त बातें शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में गुरु शिष्य परंपरा एवं व्यास पूजा पर आयोजित कार्यशाला में मुख्यवक्ता गोविंद वेदिया ने कही. उन्होंने अंग्रेजी शासन में लॉर्ड मैकाले द्वारा जारी शिक्षा पद्धति के दुष्परिणाम गिनाए. प्राचीन भारतीय शिक्षा पद्धति गुरुकुल की अवधारणाओं को स्पष्ट करते हुए विभिन्न उदाहरणों, श्लोकों एवं अनेकों युक्तियों के माध्यम से गुरु शिष्य परंपरा पर प्रकाश डाला. भारतीय शिक्षण मंडल के जिला सचिव डॉ. सुखदेव बैरागी ने भौतिकी के क्षेत्र में विभिन्न देशों की खोजों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत में उत्कृष्ट और उल्लेखनीय खोज पूर्व में हो चुकी थी. उन्हीं का विस्तृत व गहन अध्ययन करके विदेशी अध्यताओं ने अपना नाम आविष्कारों के रूप में दर्ज करा लिया. डॉ. जगदीश प्रसाद कुलमी ने भारतीय शिक्षण मंडल के गठन से लेकर वर्तमान तक उसकी विकास यात्रा की चर्चा करते हुए इसकी स्थापना के उद्देश्य बताएं. नई शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान परंपरा को पाठ्यक्रम में सम्मिलित करने का श्रेय भारतीय शिक्षण मंडल का है. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. जीसी गुप्ता ने की. कार्यशाला का शुभारंभ मां सरस्वती एवं युवाओं के प्रेरणापुंज प्रतीक पुरुष स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन तथा अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ. कार्यक्रम का संचालन कार्यशाला समन्वयक रमेश जमरा ने किया.

**एक नजर में**

**पार्षदों ने भी थाने में आवेदन देकर की कार्रवाई की मांग**

# एलईडी चोरी की जांच करने नगर परिषद कार्यालय पहुंची पुलिस

**सुसनेर, 7 अगस्त. नगर परिषद कार्यालय के स्टोर रूम से लाखों रुपए के एलईडी लेम्प व अन्य सामग्री चोरी होने के मामले में गुरुवार शाम को पार्षदों ने सुसनेर थाने पर पहुंचकर थाना प्रभारी केसर राजपूत को आवेदन दिया. आवेदन में मांग की गई है कि जांच उपरांत दोषियों पर उचित कार्रवाई की जाए.**



उधर, मामला मीडिया की सुर्खियां बनने के बाद पुलिस-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर स्थानीय पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है. गुरुवार को थाना प्रभारी केसर राजपूत ने नगर परिषद कार्यालय पहुंचकर के घटना स्थल का निरीक्षण पार्षदों व अध्यक्ष प्रतिनिधि, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि के साथ किया है और सीसीटीवी फुटेज खंगालने का प्रयास किया. भ्रष्टाचार और घोटालों के मामलों में आए दिन सुर्खियां बटोरन वाली नगर परिषद की कार्यप्रणाली एक बार फिर से सवालों के घेरे में है. टीआई केसर राजपूत के अनुसार उनके द्वारा इस संबंध में नगर परिषद के जिम्मेदारों को नोटिस जारी किया जा रहा है. मामले की जांच शुरू कर दी गई है. नगर परिषद के कर्मचारियों व अधिकारियों के बयान दर्ज किए जाएंगे. उसके बाद ही आगे की कार्यवाही की जाएगी. थाने में आवेदन देने से पूर्व नगर परिषद कार्यालय में विधायक प्रतिनिधि राणा चितरंजन सिंह, अध्यक्ष प्रतिनिधि राहुल सिसोदिया, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जैन खुपवाला, पार्षद इबादउल्ला खान, नईम मेव, राकेश कानूडिया, प्रदीप सोनी, पार्षद प्रतिनिधि ईश्वर कावल, युगल किशोर परमार, जितेंद्र सांवला, दिलीप जैन, अर्जुन जादमे, पवन शर्मा ने बैठक कर इस मामले को गंभीरता से लेते हुए चर्चा की. पार्षदों द्वारा थाने में दिए गए आवेदन में एलईडी लेम्प चोरी होने के साथ ही नेशनल हाईवे से गायब हुए 2 स्वागत द्वार को लेकर भी जांच कर कार्रवाई करने मांग की गई है.



**इनका कहना है**

*गत दिवस नप में 500 से 600 एलईडी लेम्प व अन्य सामग्री चोरी होने की घटना की जांच कर उचित कार्रवाई करने व स्वागत द्वार को लेकर सभी पार्षदों के साथ मिलकर थाने में आवेदन दिया है.*

**- राहुल सिसोदिया, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि, सुसनेर**

*नगर परिषद में एलईडी लेम्प चोरी होने की घटना की जांच शुरू कर दी गई है. नगर परिषद के सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले जा रहे हैं. हमारे द्वारा नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी को नोटिस जारी किया जा रहा है. उनके बयान दर्ज किए जाएंगे. पुलिस जल्द ही मामले का खुलासा करेगी.*

**- केसर राजपूत, टीआई, पुलिस थाना, सुसनेर**

### त्यौहारी सीजन में सड़क पर उतरे खाद्य विभाग के अधिकारी

**शाजापुर, 7 अगस्त.** कल देश भर में रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगाए जिसकी रौनक बाजार में दिखाई दे रही है. बाजार में खाद्य पदार्थों की भी खरीदारी की जा रही हैए जिसकी जांच के लिए खाद्य विभाग के अधिकारियों खाद्य पदार्थों के नमूने लिए. दरअसल इन दिनों लोग त्यौहारों पर खरीदारी करने के लिए बाजार पहुंच रहे हैं. ऐसे में उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ न हो और उन्हें शुद्ध सामग्री मिले. इसके लिए कलेक्टर ऋजू बाफ्ना के निर्देश पर एसडीएम मनीषा वास्कले और खाद्य विभाग के अधिकारियों ने नगर की होटलों और अन्य दुकानों पर बिकने वाले खाद्य पदार्थों के सेंपल लिए. टीम ने नई सड़क स्थित शिवम मावा भंडार से मावे काए बालाजी कचोरी सहित अन्य दुकानों से खाद्य पदार्थों के सेंपल एकत्रित किएए जिन्हें जांच के लिए लैब में भेजा जाएगा. यदि कोई भी खाद्य पदार्थ अमानक पाया जाता है तो संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.